अतिआवश्यक
स्पीड पोस्ट/ई मेल

प्रेषक,

वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा)
कानपुर नगर।

सेवा में,

संयुक्त सचिव
बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

पत्रांक/ले0सं0/मिड डे मील/ 2287-88 /2013-14 दिनांकः 28.03.2014

विषय– मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत अनुदान सं0 81 के अन्तर्गत परिवर्तन लागत मद में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष अवशेष धनराशि के समर्पण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के पत्रांक म0भो0प्रा0/सी 4017/2013–14 दिनांक 04.03.2014 द्वारा निर्देशित किया गया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2013–14 के समाप्ति की ओर अग्रसर होने के कारण परिवर्तन लागत मद में प्राप्त समस्त धनराशि को कोषागार से आहरित करते हुये तत्काल मध्यान्ह भोजन निधियों में आगामी माहों हेतु प्रेषित कर दिया जाये।

सादर अवगत कराना है कि शासनादेश सं0 352/26–ब0प्र0–2013–43/2012 दिनांक 25 मार्च 2014 के द्वारा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिये मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन हेतु अनुदान सं0 81 के अन्तर्गत परिवर्तन लागत मद में जनपद कानपुर नगर के प्राथमिक विद्यालयों हेतु रु0 0.28 लाख धनराशि तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु रु0 0.12 लाख धनराशि कुल रु0 0.40 लाख धनराशि आवंटित की गयी थी। चूँकि जनपद कानपुर नगर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति का कोई छात्र अध्ययनरत नही है। अतः आपसे निवेदन है कि अनुदान सं0 81 के अन्तर्गत परिवर्तन लागत मद में धनराशि रु0 0.40 लाख को अभ्यर्पित करने की कृपा करें।

भवदीय
28.03.14
वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा)
कानपुर नगर।

पृ0स0– ले0सं0/मिड डे मील/ /2013–14 तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0 लखनऊ को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि अनुदान सं0 81 के अन्तर्गत परिवर्तन लागत मद में धनराशि रु0 0.40 लाख को अभ्यर्पित करने हेतु अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा)
कानपुर नगर